Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 13-12-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

an>

Title: Need to include Govari community of Maharashtra in the list of Scheduled Tribes.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) :महोदय, महाराट्र के गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग लगातार उठ रही है। सामाजिक, शैक्षिक तथा आर्थिक रूप से पिछड़े इस समाज को आरक्षण का लाभ देकर उन्नति का अवसर उपलब्ध कराया जाना बहुत जरूरी है। केन्द्र सरकार द्वारा गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु 1967 में विधेयक लाया गया था। संसद के पतन के कारण यह चर्चा में नही आ पाया। गोवारी समाज, जो कि अति पिछड़ों में शामिल होने के कारण लगातार आंदोलन के माध्यम से संर्घा कर रहा है। नागपुर में 1994 को आंदोलनकारी गोवारियों पर पुलिस द्वारा अत्याचार के कारण 114 गोवारी बंधु शहीद भी हुए हैं। इन शहीदों का बलिदान बेकार न जाए इसलिए राज्य सरकार द्वारा उनको अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु चार बार केन्द्र सरकार को सिफारिश भी की हे।

केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार की अनुशंसा तथा 1967 में विधेयक के माध्यम से गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के प्रयास को देखते हुए अपनी मांग के लिए संर्घारत गोवारी समाज को तत्काल अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की आवश्यकता हे। इसलिए केन्द्र सरकार से मैं मांग करता हूं कि 1967 में लाये गये विधेयक को पुनः सदन में पारित कराकर गोवारी समाज को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु पहल करें अथ्वा विशो आदेश के माध्यम से उन्हें तत्काल अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें।